Seat No. : ______________

DH-105

December-2021

B.A., Sem.-III

EC-II 204 : Hindi

(सामान्य हिंदी)

Time : 2 Hours] **[Max. Marks : 50**

विभाग – I

सूचना : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

1. धर्मवीर भारती के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी साहित्यिक उपलब्धियों का उल्लेख कीजिए । **14**

2. हिन्दी उपन्यास के प्रकार की सविस्तार चर्चा कीजिए । **14**

3. 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' उपन्यास के कथ्य पर प्रकाश डालते हुए उसके उद्देश्य की चर्चा कीजिए । **14**

4. 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' उपन्यास के शीर्षक की चर्चा कीजिए । **14**

5. 'माणिक मुल्ला' की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । **14**

6. 'जमुना' के चरित्र की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए । **14**

7. संक्षेपण कीजिए : **14**

   सच तो यह है कि उन्होंने इतने लोगों के जीवन को लेकर एक पूरा उपन्यास ही सुना डाला है सिर्फ उसका रूप कहानियों का है ताकि हर दोपहर को हम लोगों की दिलचस्पी बदस्तूर बनी रहे और हम लोग ऊबें न ! वरना सच पूछो तो यह उपन्यास ही था और इस ढंग से सुनाया गया था कि जो लोग सुखान्त उपन्यास के प्रेमी हैं वे जमुना के जीवन के सुखद वैधव्य से प्रसन्न हों, स्वर्ग में तन्ना और जमुना के मिलन पर प्रसन्न हों, लिली के विवाह से प्रसन्न हों और सती के चाकू से माणिक मुल्ला की जान बच जाने से प्रसन्न हों, और जो लोग दुखान्त के प्रेमी हैं वे सती के भिखारी जीवन पर दुखी हों ।

8. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : **14**

   (1) ऐसे सपने तुम अकसर देखते हो ।

   (2) देखो माणीक तुमने नमक खाया है ?

   (3) प्रकृती ने तुम्हें विशेष कार्य के लिए चूना है ।

   (4) संपत्ति की विशमता ही प्रेम का मूल कारण है ।

   (5) फाटक पर घोड़े की नालें जड़ि हैं ।

   (6) फाटक पर पाँव रक जाते हैं ।

   (7) मेरा मन बहूत उदास है ।

विभाग – II

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **8**

(1) धर्मवीर भारती का जन्म कब और कहाँ पर हुआ था ?

(a) 1900 लमही (b) 1911 चिरगाँव (c) 1926 इलाहाबाद (d) 1933 बनारस

(2) इनमें से कौन सा काव्य संग्रह भारती जी का है ?

(a) ठण्डा लोहा (b) भारत भारती (c) आँसू (d) यामा

(3) 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' उपन्यास की भूमिका किसने लिखी ?

(a) नागार्जुन (b) अज्ञेय

(c) रामधारी सिंह दिनकर (d) मैथिलीशरण गुप्त

(4) 'काले बेंट का चाकू' किस दोपहर की कहानी का शीर्षक है ?

(a) पहली (b) दूसरी (c) तीसरी (d) पाँचवीं

(5) तन्ना की पत्नी का क्या नाम था ?

(a) जमुना (b) लिली (c) रामोबीबी (d) सती

(6) जमुना के ताँगेवाले का क्या नाम था ?

(a) रामधन (b) महेश्वर दलाल (c) चमन ठाकुर (d) धनपत राय

(7) महेसर दलाल के कुल कितनी संताने थीं ?

(a) दो (b) तीन (c) चार (d) पाँच

(8) 'घोड़े की नाल' किस दोपहर की कहानी का शीर्षक हैं ?

(a) दूसरी (b) पाँचवीं (c) छठी (d) सातवीं

____